तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2 कलेक्टर के सख्त आदेश धान उठाव पर पूर्ण रोक



## खबर संक्षेप

### गुप्त नवरात्र की शुरूआत आज से

**बैकुण्ठपुर।** शक्ति की साधना व आत्म जागरण का माह गुप्त नवरात्र का शुरूआत 19 जनवरी से हो रहा है। इस दौरान साधक अपनी साधना करेंगे। हिन्दू धर्म में वर्ष में चार नवरात्र होते हैं, इनमें दो गुप्त नवरात्र होती हैं। गुप्त नवरात्र में साधक 10 महाविद्या की साधना में जुटते हैं। इस दौरान देवी दुर्गा के प्रकट स्वरूपों के साथ उनके गुढ़ एवं रहस्यमय रूपों की उपासना की जाती है। यही कारण है कि शक्ति साधकों के लिए गुप्त नवरात्र का महत्व बढ़ जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्र मेंशक्ति उपासना की एक गहन धारा होती है। माघ नवरात्र के दौरान विभिन्न देवी स्वरूपों की साधना विशेष फलदायी होती है। मान्यता है कि यह काल बाहरी आडंबर से दूर रहकर आंतरिक साधना का अवसर देता है।

### पालक शिक्षक मेगा बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा सत्र 2025-26 में विद्यालय स्तर पर पालक शिक्षक मेगा बैठक का अंतिम आयोजन 19 जनवरी को जिलेभर के शैक्षणिक संस्थानों में किया जाएगा, इसके लिए विद्यालय स्तर पर पूर्व से तैयारियां शुरू की गई। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, पालकों को बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों की भविष्य के संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वयक स्थापित करने के लिए चालू शिक्षा सत्र में तीन बार पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजन करने के लिए शेड्यूल जारी किए गए थे,इसके पूर्व 8 अगस्त तथा 13 अक्टूबर को शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया जा चुका है और अंतिम आयोजन 19 जनवरी को शिक्षक पालक बैठक विद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया है।

### सट्टा पट्टी खिलाने वाला आरोपी गया जेल



**चिरमिरी।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा एवं पुलिस अधीक्षक जिला एमसीबी के निर्देशानुसार जिले में चल रहे शराब जुआ नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना चिरमिरी क्षेत्र में नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी चिरमिरी विजय सिंह के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान हल्दीबाड़ी निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी पिता स्व. विष्णु दत्त तिवारी उम्र करीब 59 वर्ष को 16 जनवरी को सट्टा पट्टी के साथ 830 रुपए नगद जब्त किया गया और आरोपी हनुमान प्रसाद तिवारी के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम वर्ष 2022 की धारा 6 के तहत विधिवत कार्रवाई कर आरोपी को 17 जनवरी को न्यायिक डिमांड पर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसका जेल वारंट बनने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह, प्रधान आरक्षक अशोक एक्का, संतोष सिंह, विश्वनाथ सिंह, आरक्षक मदन राजवाड़े शामिल रहे।

### नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एलवीना ग्रेस टोप्पो के निर्देशानुसार आयुर्वेद औषधालय नौगई के द्वारा 17 जनवरी को ग्राम पिपरडांड में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. ओमकली सिंह, फार्मासिस्ट राजेश विश्वकर्मा एवं पीटीएस राकेश कुमार रजक द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई तथा मौसमी व सामान्य रोगों के लिए नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी परामर्श भी दिया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 40 लाभार्थियों ने आयुष सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। ग्रामीणों द्वारा शिविर की सराहना की गई।

---

**रस्सी और जिंदगी का संतुलन बनाते मासूम** | **रोजी-रोटी के खातिर परिवार जगह-जगह दिखाते हैं करतब**

# 5 फीट ऊंची रस्सी पर चलकर मासूम बालक ने दिखाए करतब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कहते हैं पेट की भूख क्या-क्या नहीं करने को विवश करती है। कई बार तो गरीबी की खातिर खतरनाक करतब भी मासूमों को दिखाने पड़ते हैं।

इसी तरह नजारा रविवार को शहर के पुराने बस स्टैंड के पास सड़क किनारे देखने को मिला, जहां एक मासूम बालक परिवार के भरण -पोषण की खातिर 5 फीट ऊंची रस्सी में जिंदगी का संतुलन बनाने दिखा ,जिसके करतब को देखकर लोग दांतों तले उंगली दबाते रहे और लोग तालियां बजाते रहे, लेकिन मासूम बच्चे के चेहरे पर कोई मुस्कान नहीं था। करतब दिखाने के बाद बच्चा थाली लेकर लोगों के सामने याचना के लिए थाली आगे बढ़ाया तो कई लोगों ने रूपए भी दिए और कई तो कईयों ने तो अपना रास्ता नाप लिए। हम चांद पर पहुंचने की बाते करते हैं, लेकिन जमीन पर आज भी बचपन सिर्फ चंद रोटियों के लिए ऊंची रस्सी पर जिंदगी का संतुलन बनाते हुए झुल रहे हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को पूर्वान्ह के समय पुराने बस स्टैंड के मुख्य मार्ग किनारे बिलासपुर से आए एक परिवार जिनके तीन मासूम बच्चे साथ में थे, जिनके द्वारा करीब 5 फीट की ऊंचाई पर दो छोर से रस्सी बांधकर करीब 7 से 8 वर्ष का मासूम बच्चा जब रस्सी पर चलने का संतुलन का करतब दिखाया तो उपस्थित भीड़ के बीच तालियां बजती रही। इस दौरान मासूम बच्चे ने दोनों छोर से ऊंचाई पर बंधी रस्सी पर रिंग के सहारे चलकर अपना करतब दिखाया तो चप्पल पहनकर ऊंचाई पर तनी रस्सी पर संतुलन बनाकर चलना फिर, एक थाली को पैर में रखकर रस्सी के सहारे संतुलन बनाकर चलने का करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले ऊंगली दबाने को मजबूर कर दिया।



रस्सी पर चलकर करतब दिखाता बालक।

यह परिवार कुछ दिनों पूर्व शहर सहित आस-पास के कई क्षेत्रों में मासूम बालक के सहारे करतब दिखाकर पेट की भूख शांत कर रहे हैं।

### मासूम का जानलेवा संतुलन

गरीबी क्या-क्या नहीं कराती, रविवार को एक मासूम अपने परिवार की भूख के लिए जिंदगी से समझौता कर ऊंची रस्सी पर चलने का करतब दिखाते लोगों ने देखा। एक जगह से दूसरे जगह कुछ घंटों के अंतराल में मासूम बच्चे द्वारा खतरों के बीच जिंदगी का संतुलन बनाने दिखा। यह उनके रोजमर्रा के जिंदगी का हिस्सा है।

### शिक्षा से दूर सड़क पर हुनर

बिलासपुर से आए परिवार को मासूम बालक शिक्षा से दूर सड़क पर अपनी हुनर दिखा रहा है। जिन हाथों में किताबे और खिलौने होने चाहिए, वह 5 फीट ऊंची रस्सी पर जिंदगी का संतुलन प्रतिदिन बना रहा है। यह एक मासूम बच्चे की कहानी नहीं बल्कि समाज के उस काले सच की तस्वीर है, जहां गरीबी बचपन को लील जाती है और प्रशासन के दावे और बाल सुधार की योजनाएं फूटपाथों तक पहुंचने के पहले ही दम तोड़ देती है।

### वर्षभर सिर्फ यही काम-

सड़क पर मासूम द्वारा करतब दिखाने वाले परिवार के मुखिया ने बताया कि वह वर्षभर यही काम करते हैं। बैकुंठपुर क्षेत्र में कुछ दिनों से करतब दिखा रहे हैं, इसके बाद मनेन्द्रगढ़ जाने की बात कही। इसी तरह उनका परिवार का गुजारा होता है।

---

**राजस्व टीम गठित, 22 वार्डों में मुनादी**

# बिजली व नल बकायादारों के कटेंगे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले की मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका ने लंबे समय से लंबित राजस्व बकाया की वसूली के लिए कड़ा रूख अपनाया है।

नगरपालिका प्रशासन ने दुकान किराया, संपत्ति कर और जलकर की वसूली सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष राजस्व टीम का गठन किया है। यह टीम नगर के सभी वार्डों में बकाएदारों की सूची तैयार कर चरणबद्ध कार्रवाई करेगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी इसहाक खान के अनुसार लगातार नोटिस और अपीलों के बावजूद काफी संख्या में नागरिकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, इससे नगरपालिका की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। इसी को देखते




हुए अब कठोर प्रशासनिक कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। नगरपालिका प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि यदि बकाएदारों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो उनके भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) और बिजली कनेक्शन के लिए जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र रद्द कर दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग को पत्र लिखकर संबंधित बिजली कनेक्शन काटने की अनुशंसा भी की जाएगी। यह कार्रवाई केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नगरपालिका क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में समान रूप से लागू होगी। नागरिकों को समय पर सूचित करने और उन्हें स्वयं बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करने के लिए वार्डों में मुनादी भी जारी कर दी गई है। सीएमओ ने कहा कि यह कदम दंडात्मक से अधिक अनुशासनात्मक है, जिसका उद्देश्य नगर के विकास कार्यों के लिए आवश्यक राजस्व समय पर प्राप्त करना है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी कार्रवाई से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना बकाया कर जमा करें। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में दुकानों और व्यावसायिक परिसरों का स्थल निरीक्षण कर बकाया मामलों की गहन जांच की जाएगी। नगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि वह अब राजस्व वसूली को लेकर किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगी।

---

# तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

दुपहिया वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से आए दिन सड़क दुर्घटना किसी न किसी क्षेत्र में रोज के सामने आ रहे हैं, इसके चलते मौते भी हो रहे हैं, वहीं कई लोग घायल भी हो रहे हैं। नए साल 2026 में अब तक कई सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आ चुके हैं और रोज किसी न किसी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की खबरे मिलती रहती हैं।

- आए दिन होते हैं हादसे, मनाया जा रहा सड़क सुरक्षा माह

रविवार को शहर के मुख्य मार्ग स्कूलपारा में दोपहर के समय तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक स्कूटी को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक चालक के साथ स्कूटी सवार सड़क किनारे गिर गए। हालांकि इस घटना में दोनों पक्ष के लोगों को गंभीर चोटे नहीं आई, बल्कि मामूली चोटे आई। घटना पश्चात लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब ढाई बजे शहर की ओर से तेज गति से बाइक क्रमांक सीजी 07 एलके 6855 के चालक द्वारा तेज गति से वाहन चलाया जा रहा था और स्कूलपारा मुख्य मार्ग पर सामने जा रही एक बाइक को ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अनियंत्रित गति पर नहीं लग रहा लगाम

आज कल युवाओं के हाथों में रेसिंग वाले बाइक की स्टेरिंग हाथ लगते ही सड़क पर अनियंत्रित गति से वाहन दौड़ाते देखे जा सकते हैं। यहां तक की शहरी क्षेत्र के सड़कों पर भी युवाओं के द्वारा अत्यधिक गति सीमा से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र से दुपहिया वाहनों को दौड़ाते अक्सर देखा जा सकता है, ऐसी स्थिति में सड़क पर दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। शहर क्षेत्र में अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से ऐसे लोगों के हौसले बढ़ गए हैं। इस पर रोक के लिए नियमित कार्रवाई करने की जरूरत है।

---

# बैकुंठपुर साप्ताहिक बाजार में मनरेगा बचाओ संग्राम



**बैकुण्ठपुर।** लगातार चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत रविवार को बैकुंठपुर साप्ताहिक बाजार में आमसभा आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों, श्रमिकों और बाजार में आए लोगों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के महत्व और उस पर वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे बदलावों एवं श्रमिक विरोधी नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक किया।

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि 20 वर्ष पहले डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा लागू किया गया। मनरेगा अधिनियम संविधान में निहित काम के अधिकार को जमीनी स्तर पर साकार करने वाला कानून था। अब तक इसके तहत देशभर में 180 करोड़ से अधिक कार्य-दिवसों का सृजन हुआ है और गांवों में तालाब, सड़क, जलसंरक्षण जैसे लगभग 10 करोड़ परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ। पंचायती राज संस्थाओं को योजना बनाने और लागू करने का अधिकार देकर ग्राम स्वराज की अवधारणा को मजबूती मिली। कोविड-19 जैसे संकट के समय यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा साबित हुई, लेकिन ये भाजपा सरकार वर्तमान में मनरेगा की मूल भावना को कमजोर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रीय शालेय क्रीडा स्पर्धा के लिए ईशा का चयन



**अम्बिकापुर।** मणिपुर इम्फाल में आयोजित राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा की छात्रा ईशा का चयन हुआ है। छात्रा छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलेंगी। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मणिपुर इंफाल में 23 से 26 जनवरी तक आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बालिका आयु वर्ग 19 वर्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा की छात्रा ईशा का चयन किया गया है। ईशा कक्षा 12वीं की कला संकाय की छात्रा है। शासकीय उमावि खलिबा स्कूल से पहली छात्रा खिलाड़ी के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर स्कूल प्रबंधन में भी हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए टीम 18 जनवरी की अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान करेगी। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने बताया की राज्य स्तर पर ईशा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

# एमसीबी जिला प्रेस क्लब चुनाव, रंजीत पुन: बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ एमसीबी

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमनुसार रविवार को पत्रकार भवन चैनपुर में एमसीबी प्रेस क्लब के द्वितीय कार्यकाल के पदाधिकारियों का निर्वाचन चुनाव अधिकारी श्रीकांत शुक्ल, रमन सिंह एवं सतीश गुप्ता के दिशा निर्देश व नेतृत्व में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन पत्र वापसी के पश्चात अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद पर एकल नाम होने तथा कोई आपत्ति नहीं आने पर उक्त दोनों पदों के अभ्यर्थी रंजीत सिंह अध्यक्ष एवं अरूण श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए। शेष पद उपाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव पद के लिए निर्वाचन प्रारंभ कराया गया। संपन्न निर्वाचन प्रक्रिया के तहत उपाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव पद के लिए मतदान प्रारंभ हुआ। इसमें एमसीबी प्रेस क्लब के 63 सदस्यों में से 3 चुनाव अधिकारी को छोड़कर कुल 59 सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया में भागीदारी निभाई। चुनाव अधिकारियों की सहमति से 3 सदस्यों को अस्वस्थता व बाहर होने के कारण डाक मत की सुविधा प्रदान की गई। शेष 56 सदस्यों द्वारा उपरोक्त 3 पदों के लिए मतदान किया गया तथा मात्र 1 सदस्य इस प्रक्रिया में अनुपस्थित रहे। इस तरह शत-प्रतिशत मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान पश्चात



चुनाव अधिकारी श्रीकांत शुक्ल, रमन सिंह एवं सतीश गुप्ता तथा विधिक सलाहकार अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी व सूरजभान सिंह द्वारा मतगणना प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम सचिव पद की मतगणना शुरू की गई। मतगणना पश्चात सचिव पद के प्रत्याशी सुनील शर्मा को कुल 26 मत तथा गुरदीप अरोरा को 33 मत प्राप्त हुए।

इस तरह सचिव पद के लिए गुरदीप अरोरा निर्वाचित घोषित किए गए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रहे। इसमें एबी सिद्दीकी को 4, अविनाश चंद 8, महेश साहू 6, सुजीत शाह 11 तथा धीरेन्द्र विश्वकर्मा को कुल 30 मत प्राप्त हुए। इस तरह उपाध्यक्ष पद के लिए धीरेन्द्र विश्वकर्मा निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए 4 अभ्यर्थी रहे। इसमें नियाज अली को 3, राहुल वल्लभ द्विवेदी 11, नसरीन अशरफी 15 तथा सुरेश मिनोचा को कुल 30 मत प्राप्त हुए। इस तरह संयुक्त सचिव के लिए सुरेश मिनोचा निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन के अन्य पद प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के 5 पद रहे, इनमें एकल नाम होने पर प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामप्रसाद गुप्ता, राजीव वर्मा, प्रवीण निशी, राजेश सिन्हा व श्रीराम बरनवाल निर्वाचित घोषित किए गए।

उपरोक्त सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा तीनों चुनाव अधिकारियों तथा विधिक सलाहकार अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी एवं सूरजभान सिंह द्वारा की गई और सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

---

**जिला पुलिस ने बलवा ड्रिल का किया अभ्यास**

# जवानों को भीड़ नियंत्रित करने की सिखाई गई बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

18 वीं बटालियन मनेन्द्रगढ़ परिसर में जिला पुलिस द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य कानून व्यवस्था की किसी भी आपात अथवा बलवा जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल की तत्परता, समन्वय एवं व्यावहारिक क्षमता को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपिका मिंज, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती तरशिला टोप्पो, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अलेक्सियुस टोप्पो उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एसडीएम मनेन्द्रगढ़, तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ एवं जिले के समस्त थाना प्रभारीगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अभ्यास के दौरान अधिकारियों एवं जवानों को भीड़ नियंत्रण की रणनीतियां, बलवा फॉर्मेशन, लाठी ड्रिल, शील्ड का प्रयोग, नॉन-लीथल उपकरणों का सुरक्षित उपयोग, चेतावनी प्रक्रिया एवं नियंत्रित बल प्रयोग के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, वायरलेस संचार, टीमवर्क एवं अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। ड्रिल को चरणबद्ध रूप से संपन्न कराया गया। इसमें स्थिति का आकलन, उपद्रवी भीड़ को नियंत्रित कर तितर-बितर करना, घायलों की सुरक्षित निकासी तथा क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने जैसी कार्यवाहियों का अभ्यास किया गया।



# सड़क सुरक्षा सप्ताह: पिपरिया में संकुल कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत संकुल केन्द्र पिपरिया में संकुल स्तरीय चित्रकला, निबंध, भाषण, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं के द्वारा रैली निकाली गई।

सड़क सुरक्षा जागरूकता, हेलमेट पहनना से संबंधित नारे लगाते हुए तथा हाथों में तख्ती, बैनर लिए छात्र-छात्राए अटल चौक पिपरिया पहुंचे, वहां सर्वप्रथम नुक्कड़ नाटक का आयोजन हाई स्कूल पिपरिया एवं हाईस्कूल भलौर के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। नाटक में सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया जो सराहनीय रहा। इसके उपरांत एनएच-43 में जागरूकता अभियान के अंतर्गत हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने वालों को बुके व पेन देकर सम्मानित किया गया तथा जो बिना हेलमेट पहने गाड़ी चला रहे थे उन्हें रोक कर समझाइश दी गई। डॉ.विनोद पांडेय ने ग्रामीणो व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग वाहन चलाते समय सावधानी बरते, स्पीड को नियंत्रण में रखें तथा मोबाइल का उपयोग चलाते समय ना करें, मदिरापान करके वाहन ना चलाएं, हेलमेट अवश्य पहनें आपके लिए और आपके परिवार के लिए बहुत आवश्यक है। शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में 8 वर्षों से कोरोना काल को छोड़कर लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ.विनोद कुमार पांडेय, उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, संगीता तिवारी, अबुल कमर, शर्मिष्ठा दत्ता, हाईस्कूल भलौर से रीता राय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक कदम कुंवर, गौरीशंकर सिंह सहित छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### गुलाब कॉलोनी से विस्थापित 7 परिवारों को मिले एएचपी आवास

**अम्बिकापुर।** समाजसेवी कैलाश मिश्रा ने गुलाब कॉलोनी से विस्थापित लोगों को सुभाष नगर में निर्मित एएचपी आवास प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है। उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा गुलाब कॉलोनी को खाली कराया गया है जिससे कॉलोनी की शासकीय भूमि पर घर बनाकर वर्षों से निवासरत 7 परिवारों के लोग भारी ठंड में सड़क पर आ गए हैं। इन लोगों ने शासन की 152 प्रतिशत योजना के तहत आवेदन किया था तथा प्रकरण नजूल विभाग में लंबित है। ननि द्वारा सुभाष नगर में कमजोर वर्ग के लोगों के लिए 493 मकान बनाए गए हैं लेकिन लम्बी अवधि गुजरने के बावजूद मात्र 67 लोगों को आवास आवंटित किया गया है। बार-बार के प्रयासों के बावजूद आवास नहीं भरे जा सके है। एक-दो साल में भवन खण्डहर बन जाएंगे। उन्होंने गुलाब कॉलोनी से विस्थापित 7 परिवारों को ननि द्वारा सुभाषनगर में निर्मित एएचपी आवास प्रदान करने की मांग की है।

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ा नवगई का वनधन केंद्र



**बिहारपुर।** ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से ग्राम नवगई में निर्मित वन धन केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बड़े लक्ष्यों के साथ शुरू किया गया यह केंद्र वर्तमान में पूरी तरह उपेक्षा और अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गया है। केन्द्र का परिसर सरकारी कामकाज के बजाय निजी कार्यों के लिए उपयोग हो रहा है। भवन के सामने भारी मात्रा में ईंट और निर्माण सामग्री डंप की गई है। इतना ही नही ग्रामीण परिसर में अब मवेशी बांध रहे हैं जिससे केंद्र प्रशिक्षण केंद्र के बजाय तबेले में बदल गया है। प्रशासनिक उपेक्षा के कारण भवन की दीवारों पर काई जम गई है और चारों ओर कंटीली झाड़ियां उग आई है। लंबे समय से केन्द्र में कोई शासकीय गतिविधि नहीं हुई है। रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर हो रहा है। संग्राहकों का कहना है कि केंद्र की स्थापना उनके वनोपज की सही कीमत दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया था। लेकिन अतिक्रमण और अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह केवल ढांचा बनकर रह गया है। समय रहते केंद्र परिसर का अतिक्रमण नहीं हटाया गया और केंद्र को सक्रिय नहीं किया गया तो सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना कागजों तक सिमटकर रह जाएगी। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि वनधन केंद्र परिसर में अवैध अतिक्रमण की सूचना मिली है। परिसर में भंडारित ईंट पत्थर को तत्काल हटाया जाएगा।

### 13 गोवंश से भरे पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ा



**अम्बिकापुर।** गौ वंश को बूचड़ कारखाना ले जा रहे पिकअप ग्राम बोदा में खराब हो गया। इधर मवेशी तस्करी की जानकारी लगने पर ग्रामीणों ने पकड़ा और वाहन को बतौली पुलिस को सौंप दिया है। पिकअप में ठुस ठुस कर 13 गाय-बैल भरे गए थे। गोवंश की तस्करी करते लगातार वाहन पकड़े जा रहे है बावजूद इसके जिले में गोवंश की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी बतौली बगीचा मार्ग में ग्राम बोदा में तड़के 5 बजे पिकअप क्रमांक जेएच 01 एफ वाई 8400 के पिछला चक्का का स्टेट टूट गया। पिकअप मालिक वाहन बनवाने के लिए बतौली के मिस्त्री को फोन कर मरम्मत करने कहा। जब वाहन मिस्त्री वाहन ठीक करने पहुंचा तो पता चला वाहन में 13 गाय बैलों को ठुस कर भरा गया है। इधर मवेशी तस्करी की भनक लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे तो चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया।

## 15 हजार क्विंटल घोटाले के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# कलेक्टर के सख्त आदेश, धान उठाव पर पूर्ण रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद प्रतापपुर क्षेत्र में धान उठाव पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। राइस मिलों के भौतिक सत्यापन में करीब 15 हजार क्विंटल धान कम मिलने के खुलासे के बाद प्रशासन लगातार एक्शन मोड में है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक जिले की सभी समितियों और राइस मिलों का पूर्ण भौतिक सत्यापन नहीं हो जाता, तब तक कहीं से भी धान का उठाव नहीं किया जाएगा। इस आदेश के बाद पूरे प्रतापपुर क्षेत्र में अफरा-तफरी और हड़कंप की स्थिति बन गई है।

**खास बात**

- रेवटी तेंदूबांध में 277 बोरी अवैध धान जब्त, समितियों एवं राइस मिलों में मचा हड़कंप

इसी कड़ी में आज प्रशासन ने अवैध धान भंडारण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम रेवटी तेंदूबांध में लगभग 110.8 क्विंटल के 277 बोरी धान जब्त किया है। यह धान कुंजन पटेल, रामसुहाग के घर के समीप खुले मैदान में अज्ञात व्यक्ति द्वारा भंडारित किया गया था। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और कार्रवाई की। जब्त किए गए धान को चार पिकअप वाहनों से समिति गोविंदपुर भेजा गया, जहां समिति प्रबंधक गोविंदपुर को सुपुर्द किया गया। इस संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार प्रतापपुर, नायब तहसीलदार डांड़करवां, नायब तहसीलदार प्रतापपुर तथा खाद्य निरीक्षक प्रतापपुर शामिल रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को गत दिन के किए गए 15 हजार क्विंटल धान की कमी के सीधे परिणाम के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि गत दिन प्रतापपुर क्षेत्र की राइस मिलों में किए गए भौतिक सत्यापन के दौरान लगभग 15 हजार क्विंटल धान की कमी उजागर हुई थी। सूत्रों का दावा है कि मंडी से ट्रक तो निकलते हैं लेकिन उनमें धान लोड नहीं होता। केवल ट्रक की फोटो खींचकर और कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाती हैं। इसके बाद संबंधित राइस मिलरों के गोदाम तक धान पहुंचने का रिकॉर्ड दस्तावेजों में दर्ज कर दिया जाता है। फिलहाल कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद धान उठाव पर लगी रोक से समितियों, राइस मिलरों और धान कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई और उठाव पर निर्णय लिया जाएगा। साथ ही आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों तथा कड़ी कार्रवाई की पूरी संभावना जताई जा रही है। इस विषय में फूड इंस्पेक्टर शशि जायसवाल ने बताया कि मामले के गंभीरता को देखते हुए धान का उठाव अभी बंद कर दिया गया है। भौतिक सत्यापन के आधार पर राइस मिलों की जांच एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की जांच के बाद धान का उठा होगा। कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है। राइस मिल और समितियों की जांच की जाएगी



अवैध धान भण्डार पर कार्रवाई करते अधिकारी।

**जांच चल रही है**

मामले की गंभीरता से जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को प्रेषित किया जाएगा। राइस मिलों व समितियों की जांच होगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## कायाकल्प योजना में जिला चिकित्सालय को प्रदेश में मिला पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना 2024-25 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला चिकित्सालय ने 94.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन के निर्देशन में जिले में निरंतर सुदृढ़ की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का परिणाम है।

- 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 99 आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी हुए सम्मानित

कायाकल्प योजना के परिणामों में जिले के 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान, प्रतापपुर, बिश्रामपुर एवं लटोरी सहित 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 99 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि कायाकल्प योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों की स्थापना करना है। इसके अंतर्गत ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाता है, जो निर्धारित मानक प्रोटोकॉल का प्रभावी रूप से पालन करते हुए अनुकरणीय कार्य करती हैं। साथ ही योजना के माध्यम से स्वच्छता के सतत मूल्यांकन एवं सहकर्मी समीक्षा की संस्कृति को भी विकसित किया जाता है।

## मकर संक्रांति पर किया गया कम्बल वितरण, बुजुर्गों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मकर संक्रांति के अवसर पर माता राजमोहिनी देवी वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता द्वारा नमनाकला स्थित सियान सदन में भव्य संक्रांति उत्सव, सियान सम्मान और वार्ड के जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने पार्षद मनोज गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी भी उपस्थित रहे। सभी ने पार्षद गुप्ता के प्रयासों की सराहना की। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि वार्ड वासियों ने जुझारू पार्षद पाया है। वे हमेशा विकास के लिए प्रयास करते रहते हैं। उनके पहल से ही वार्ड में 1 करोड़ का काम चल रहा है, अन्य कार्यों के लिए भी 70 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। पार्षद गुप्ता ने सियान सम्मान देकर समाज के योगदानकर्ताओं को प्रोत्साहित किया और सर्दी से ठिठुरते जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। इस दौरान वरिष्ठ सीए एचएस जायसवाल, वरिष्ठ नेता रामलखन पैकरा, पूर्व पार्षद रविंद्र गुप्त भारती, जितेन्द्र सोनी, शशिकांत जायसवाल, श्वेता गुप्ता, शैलू सिंह, आईबी तिवारी, निवास केडिया, हरिशंकर सिंह, जगदीश चौबे और जमुना लाल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और वार्डवासी मौजूद थे।

## एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शनिवार को आयोजित एलूमिनी मीट पूर्व छात्रों ने एक मंच पर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के समक्ष अपने अनुभव साझा किए।

- विद्यार्थियों को किया पढ़ाई एवं अनुशासन के प्रति प्रेरित

शनिवार को पीएम श्री स्कूल में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल में पढ़कर शासकीय सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए छात्रों से लेकर गत वर्ष 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण करने वाले छात्रों ने समारोह में अपने अनुभव साझा किया। छात्र राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक नागेंद्र उपाध्याय ने बताया कि रामानुजनगर का यह पहला स्कूल है जिसकी स्थापना वर्ष 1957 में हुई थी तब प्रेमनगर में भी स्कूल नहीं थे। यहां से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद मल्टीपरपज स्कूल और ग्रेजुएशन की डिग्री भी अंबिकापुर से लेकर शिक्षक की नौकरी हासिल की साथ ही शिक्षक के रूप में इस स्कूल में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी हैं। पूर्व छात्र सत्यनारायण दुबे, पूर्व बीईओ राजाराम सिंह, पूर्व पीटीआई मनमोहन प्रसाद, पूर्व एचएम सुधाकर शुक्ल, इस्माइल खान ने भी अपने अनुभव साझा कर अभावों के बीच पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ने का अनुभव साझा किया। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामनिवास साहू ने बताया कि तब के शिक्षा में गुरू शिष्य की मर्यादाएं बहुत मायने रखती थी। अब स्टूडेंट टीचर का जमाना है, बच्चों के लिए शासन एवं अभिभावकों की ओर से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन शिक्षा के मायने बदल गए हैं स्कूल में अनुशासनात्मक कार्रवाई पूर्णतः बंद हो जाने से छात्रों में अनुशासनहीनता बढ़ी है। उन्होंने छात्रों से अनुशासित रहकर शिक्षा ग्रहण करने का अह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाले आकाश तिवारी, राजेश दुबे, बृजेश दुबे, बृजेश राजवाड़े, विकास दुब, अनूप दुबे, नरेश गुप्ता, सकील अहमद, ऋषि दुबे, नवल किशोर, दशरथ गुप्ता राम सिंह टेकाम, जय प्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित थे।




## ठगी की रकम निकालकर देने वाला म्यूल अकाउंट खाताधारक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल अकाउंट के खाताधारक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाता नम्बर से ही ठगी की रकम की निकासी की गई। पुलिस ने आरोपी के दस्तावेज को जब्त किया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्यूल अकाउंट को लेकर चल रही जांच के दौरान शहर के महाराजा गली गुरुनानक वार्ड निवासी 27 वर्षीय अमरेन्द्र सिंह आ. अभय राज सिंह के बैंक खाते से चोरी, छल व अपराध से संबंधित 2 लाख 6 हजार 786 रुपए का आहरण होने की जानकारी हासिल हुई थी। ऐसे में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने खाते से लिंक मोबाइल नम्बर के धारक संदेही अमरेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि उसके भाई के दुकान में एक युवक आता था और उसके खाते में रकम नहीं आने की बात बोलकर कई बार में 2 लाख 6 हजार 786 रुपए उसके खाते में मंगवाने के बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कराया। पुलिस ने आरोपी का बैंक खाता पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड व मोबाईल फोन जब्त करने के साथ ही बीएनएस की धारा 317(4), 318 (4) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, वीरेंद्र पैकरा, अशोक यादव, अमनपुरी सक्रिय रहे।



## अखिल राजवाड़े का अंडर 14 राष्ट्रीय क्रिकेट कोचिंग कैम्प के लिए चयन



**बिश्रामपुर।** पीएमश्री सेजेस जयनगर में अध्ययनरत कक्षा 7 वीं के छात्र अखिल राजवाड़े का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंडर 14 राष्ट्रीय स्तर कोचिंग कैंप के लिए चयन हुआ है जो कि 14 जून से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा,इसके पश्चात 69 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता अंडर-14 का आयोजन 19 जून से 24 जून तक सिकर राजस्थान में किया जाएगा,जिसमें अखिल राजवाड़े भी हिस्सा लेंगे, छात्र अखिल की इस उपलब्धि पर पीएम श्री सेजेस जयनगर के प्राचार्या श्रीमती पुष्पा ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है,अखिल राजवाड़े के पिता अनुज राजवाड़े एवं माता श्रीमती नीलम राजवाड़े दोनों पेशे से शिक्षक हैं,उनके चयन से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है।

### दीवार गिरने से दबे दादा- पोती दादा की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। मिट्टी का जर्जर दीवार गिरने से दादा-पोती मलबे में दब गए। दुर्घटना में गंभीर हुए दादा की मौत हो गई जबकि पोती का उपचार जारी है। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी झरी आयाम आ. स्व. शीतल आयाम (65 वर्ष) शुक्रवार को 4.30 बजे अपने नया घर से पुराना घ्झर पोती के धनेश्वरी के साथ आ रहा था। झरी आयाम को पोती पकड़ कर ला रही थी और जैसे ही नया घर के पास पहुंची तभी कच्चा मिट्टी का दिवार जो एक ओर झुका था अचानक गिर गया जिससे दादा-पोती मलबे में दब गए। घटना को देख परिजन ने दोनों को बाहर निकाला। दोनों के कमरे से नीचे गंभीर चोट आने पर परिजन तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान झरी आयाम की मौत हो गई जबकि पोती का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।




## एचएमएस की क्रमिक भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर और कुमदा खदानों को शुरू कराने की मांग को लेकर जारी एचएमएस संगठन का क्रमिक भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा।

- बंद पड़ी बलरामपुर-कुम्दा खदानों को पुन: संचालित करने की है मांग

शनिवार दूसरे दिवस यहां क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने चल रहे क्रमिक भूख हड़ताल पर शिवाकांत मिश्रा,उमेश सिंह, कैलाश प्रसाद, राजू दुबे,राजमणि पटेल बैठे रहे,यहां पर आज शनिवार को क्रमिक भूख हड़ताल को समर्थन देने हेतु एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरालाल व सचिव पंकज गर्ग भी पहुंचे,क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रा मा शी ष पाल,महामंत्री देवेंद्र मिश्रा,नरेंद्र सिंह चौहान,परमजीत सिंह पम्मे,प्रेमचंद्र सिंह,अरविंद सिंह,सूर्यबली, सुदर्शन, विवेक यादव,विजय कुमार, रमेंद्र सिंह व अन्य सक्रिय हैं।

### मेला में पशु स्वास्थ्य परीक्षण कर पशुओं के लिए औषधि वितरण की गई

## गणेशपुर में जिला स्तरीय पशु मेला एवं पशु प्रदर्शनी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पशुधन विकास विभाग सूरजपुर द्वारा ग्राम गणेशपुर में पशु मेला,पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता तथा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,मेला में विभिन्न प्रकार के पशुओं जैसे गौवंशीय में हॉलीस्टीयन फ्रीजियन, जर्सी, साहीवाल, गिर आदि नस्ल, भैंसवंशीय में मुर्रा नस्ल का भैंसा तथा बकरा बकरी वर्ग में सिरोही एवं जमुनापारी नस्ल तथा भेड़ एवं खरगोश व मुर्गी मुर्गा पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में हिस्सा लिए।



पशु प्रतियोगिता में पशुपालक राजेंद्र गुप्ता कमलपुर द्वारा लाए गए गिर नस्ल का सांड लोगों में आकर्षण का केंद्र रहा,जो सांड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में रहा,पशु मेला में सिरोही नस्ल का बकरा भूपेंद्र गोपालपुर द्वारा लाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा,जिसका वजन लगभग 45 से 50 किलोग्राम का था जो कि बकरी वंशिय में प्रथम स्थान प्राप्त किया,मेला में द्वारिकनगर के पशुपालक अवधलाल द्वारा भेंड़ लाया गया एवं कड़कनाथ नस्ल का मुर्गा मुर्गी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा,यहां पर पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान द्वारा उन्नत नस्ल संवर्धन एवं सेक्स शॉर्टेड सीमेन के लाभ के बारे में बताया गया,जिसमें 90 प्रतिशत बछिया होने की संभावना होती है तथा विभागीय योजनाओं के बारे में बताया गया,चारा प्रसंस्करण से संबंधित पैरा यूरिया उपचार का प्रदर्शनी कर बताया गया,जिसमें यूरिया उपचार करने से पैरा की पौष्टिकता बढ़ती है व पैरा नरम स्वादिष्ट सुपाच्य और प्रोटीन से भरपूर बन जाता है,साथ ही अजोला के बारे में भी बताया गया कि अजोला आसानी से पशुओं द्वारा पचाया जा सकता है एवं अत्यंत पौष्टिक व असरकारक पशुआहार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है,ग्रीष्म ऋतु में हरे चारा की उपलब्धता के लिए साईलेज के बारे में बताया गया की साईलेज में 80 से 90 प्रतिशत तक हरे चारे के बराबर पोषक तत्व संरक्षित रहते हैं,जो कि हरे चारे के अभाव में साईलेज खिलाकर पशुओं का दुग्ध उत्पादन आसानी से बढ़ाया जा सकता है,पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण हेतु समय-समय पर लगने वाले टीकाकरण तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के संबंध में जानकारी विषय विशेषज्ञों एवं विभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दूसरी बार की गई सफल रीनल बायोप्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रीनल बायोप्सी का मरीजों को लाभ मिलने लगा है। चिकित्सकों ने दूसरी बार रीनल बायोप्सी करने में सफलता हासिल की है। अस्पताल में पदस्थ डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने प्रोटीन यूरिया एवं पैरों में सूजन की शिकायत से पीड़ित एक मरीज का ऑपरेशन कर रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की। रीनल बायोप्सी के लिए सैंपल लिए गया और अब सैंपल को जांच के लिए बाहर भेजा जाएगा। जिसके बाद मरीज की उपचार सैंपल रिपोर्ट के आधार से हो सकेगा।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई, जहां डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने प्रोटीन्यूरिया एवं पैरों में सूजन की शिकायत से ग्रसित एक मरीज की रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यह जटिल एवं विशेष जांच प्रक्रिया है। यह डॉ. संजय सिंह के सहयोग से तथा विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज तांबुलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। रीनल बायोप्सी के माध्यम से किडनी से संबंधित रोग की सटीक पहचान संभव हो पाती है, जिससे मरीज को उचित एवं समय पर उपचार प्रदान किया जा सकता है। रीनल बायोप्सी एक संवेदनशील और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके लिए उच्च स्तर की दक्षता एवं सावधानी की आवश्यकता होती है। इस प्रक्रिया की सफलता मेडिकल कॉलेज अस्पताल की उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और चिकित्सकीय विशेषज्ञता को दर्शाती है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार की उन्नत जांच सेवाएं क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रक्रिया के पश्चात मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।



**दो माह में दो रीनल बायोप्सी**

गत दिन प्रोटीन यूरिया एवं पैरों में सूजन की शिकायत से पीड़ित एक मरीज का ऑपरेशन कर रीनल बायोप्सी सफलतापूर्वक की। रीनल बायोप्सी के लिए सैंपल लेकर बाहर भेजा गया है। इससे पूर्व दिसंबर माह में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों ने पहली बार रीनल बायोप्सी करने में सफलता हासिल की थी। अस्पताल में पदस्थ डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने एक युवती का सफल ऑपरेशन कर रीनल बायोप्सी के लिए सैम्पल लिया था जिसे जांच के लिए बाहर भेजा गया है। अब दोनों मरीज चिकित्सकों की निगरानी में है और रिपोर्ट आने के पश्चात रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही आगे का उपचार किया जाएगा।




# 'स्पिरिट' की रिलीज तारीख का ऐलान..

**मुंबई।** सुपरस्टार प्रभास की हालिया रिलीज फिल्म 'द राजा साब' लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही। इस बीच, अभिनेता ने अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'स्पिरिट' से जुड़ी सबसे बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। सोशल मीडिया पर आधिकारिक ऐलान करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख का खुलासा किया गया है। संदीप रेड्डी वांगा में बन रही 'स्पिरिट' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन जारी हुआ था। रिलीज का ऐलान होने से प्रशंसक डबल उत्साहित हो गए हैं। प्रभास की 'स्पिरिट' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है जिसका हिस्सा तृप्ति डिमरी और विवेक ओबेरॉय भी हैं।



लाइफ Style

# मृणाल

## फरवरी में सात फेरे लेने का दावा

एजेंसी ⏭ मुंबई

साउथ सुपरस्टार धनुष और मृणाल ठाकुर की कथित प्रेम-कहानी काफी समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों दुनिया की नजरों से छिपकर एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

नई जानकारी और चौंकाने वाली है, क्योंकि दावा है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक नाम देने की तैयारी में हैं। फरवरी में वैलेंटाइन डे के खास मौके पर मृणाल, 9 साल बड़े धनुष से शादी कर सकती हैं। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन डे को धनुष और मृणाल एक निजी समारोह में शादी की योजना बना रहे हैं। इस समारोह में सिर्फ दोनों सितारों का परिवार और करीबी रिश्तेदार शामिल होंगे। हालांकि, इन रिपोर्ट्स पर दोनों में से किसी ने भी आधिकारिक बयान नहीं दिया है और न कई दिनों से चल रहे अपने कथित रिश्ते की पुष्टि की है। इसलिए इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

धनुष और मृणाल के डेटिंग की खबरों ने 'सन ऑफ सरदार 2' की स्क्रीनिंग के दौरान जोर पकड़ा था, जब दोनों सितारों को एक साथ कैमरे में कैद किया गया। इसके बाद, मृणाल के जन्मदिन पर धनुष को उनका हाथ थामे और मुस्कुराते हुए देखा गया। यही नहीं, धनुष और कृति सैनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप-अप पार्टी में मृणाल ने पहुंचकर लोगों को चौंका दिया। बस यहीं से दोनों के कथित रिश्ते के किस्से शुरू हो गए।

हॉलीवुड मसाला



# ट्रंप के टैरिफ से सिनेमा में मचा हड़कंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पूर्व ही घोषणा की है कि अमेरिका के बाहर बनी सभी फिल्मों पर अब 100% तक का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि यह अहम कदम अमरीकी फिल्म उद्योग को फिर से मजबूत करना और 'मेड इन अमेरिका' नीति को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। ट्रंप के इस कदम से न केवल हॉलीवुड बल्कि ग्लोबल सिनेमा में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल, ट्रंप का कहना है कि विदेशों में बनी फिल्मों ने अमरीका से फिल्म निर्माण का कार्य छीन लिया है, ठीक वैसे ही जैसे किसी बच्चे से उसकी कैंडी छीन ली हो।




# हॉलीवुड स्टार जॉन सीना भी हैं शाहरुख के दीवाने

**लॉस एंजिलस।** शाहरुख खान बॉलीवुड के ही नहीं बल्कि हॉलीवुड के दिलों के भी बादशाह हैं। ये तो सब जानते है कि शाहरुख खान के फैंस दुनियाभर के हर एक कोने में मौजूद हैं। लेकिन जब आप ये सुनेंगे कि एक हॉलीवुड स्टार भी बादशाह खान का फैन है तो आप जरुर हैरान होंगे। हम जिस हॉलीवुड स्टार की बात कर रहे हैं वो हैं जॉन सीना, जो किंग खान के कितने बड़े है ये उन्होंने हाल ही में साबित कर दिया है। यूं तो जॉन को कई दफा बॉलीवुड के बादशाह की तारीफ करते देखा जा चुका है लेकिन अब उन्होंने शाहरुख के लिए जो किया है वो देख आप देखते रह जाएंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना का एक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक कार्यक्रम में शाहरुख का गाना 'भोली सी सूरत' गाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



# जुनैद की 'एक दिन' से बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी अगली फिल्म 'एक दिन' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का पोस्टर जारी करने के बाद निर्माताओं ने टीजर जारी कर दिया है जो लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म के जरिए साई बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के टीजर में जुनैद के साथ उनकी केमिस्ट्री शानदार नजर आ रही है। सुनील पांडे द्वारा निर्देशित 'एक दिन' रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है जो 1 मई, 2026 को रिलीज होगी। 'एक दिन' के टीजर की शुरुआत दोनों मुख्य कलाकारों से होती है जहां वह खुद को शीशे में निहार रहे हैं। जुनैद कहते हैं, 'तुम्हारी मुस्कुराहट मुझे बहुत अच्छी लगती है मीरा। तुम्हारा दिल जीतूंगा या नहीं ये नहीं पता'। इसके बाद दोनों की खूबसूरत प्रेम दिखती है, लेकिन जल्द उनका ये सपना टूट जाता है।



# 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' से टीवी पर वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार हर साल अपनी फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। इस बार वह टीवी पर भी यह जिम्मेदारी उठाते दिखेंगे क्योंकि उनका नया गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' आ रहा है। काफी समय से चर्चा बटोर रहा यह रियलिटी शो इसी महीने यानी, जनवरी में अपनी स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। निर्माताओं ने शो का प्रोमो और स्ट्रीमिंग तारीख जारी कर दी है। यह क्लासिक शब्द खेल हैंगमैन पर आधारित है। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रोमो के साथ कैप्शन दिया गया, 'किस्मत आपकी, पैसा चैनल का...और ढेर सारी मस्ती मेरी तरफ से।' अक्षय ने होस्ट की जिम्मेदारी संभाली है जो प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि जीतने का मौका देंगे। यह शो 27 जनवरी से सोनी लिव और सोनी टीवी पर रात 9 बजे प्रसारित होगा।

टीवी मसाला



# कसम से सीरियल की तीन बहनें अब कैसी दिखती हैं बानी, पिया और रानो

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड जगत की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर के लोकप्रिय सीरियल 'कसम से' ने अपने रिलीज के 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर एकता कपूर ने यादों को ताजा किया जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह सीरियल 16 जनवरी 2006 को पहली बार जी टीवी पर प्रसारित किया गया था।

***तीन बहनों की थी कसम से की कहानी*** : टीवी सीरियल की कहानी तीन बहनों- बानी, पिया और रानो के ईर्द-गिर्द घूमती है, जिनके जीवन में जय वालिया के आने से कई बदलाव आते हैं और उनकी आपसी बॉन्डिंग व रिश्तों की कसौटी को दिखाया गया था। इसमें प्राची देसाई ने बानी का किरदार निभाया था, जबकि राम कपूर ने जय वालिया का किरदार निभाया था। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

***ये अभिनेत्रियां बनीं थीं तीन बहनें*** : इस सीरियल में राम कपूर और प्राची देसाई (बानी) के अलावा, रोशनी चोपड़ा (पिया), अरुनिमा शर्मा (बानो) जया भट्टाचार्य, और अश्विनी कलसेकर (जिज्ञासा) जैसे कलाकार भी शामिल थे। यह सीरियल साल 2009 तक प्रसारित हुआ था। एकता कपूर ने इसे बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले रिलीज किया था।

***शो से बॉलीवुड पहुंचे बानी और राम:*** यह शो जी टीवी पर काफी सफल रहा और इसने मुख्य किरदार प्राची देसाई को अच्छी पहचान दिलाई थी, बल्कि राम कपूर को भी घर-घर में मशहूर किया था। इस शो के बाद राम कपूर 'बड़े अच्छे लगते हैं' और प्राची देसाई ने बॉलीवुड फिल्मों जैसे 'रॉक ऑन' से अपनी पहचान बनाई। वहीं राम कपूर ने कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बना ली है।

## तलाक के बाद माही विज ने छोड़ा सहर होने को है सीरियल

**नई दिल्ली।** टीवी की स्टार एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में वह टीवी के पॉपुलर एक्टर और पूर्व पति जय भानुशाली संग तलाक की खबरों से खूब चर्चा में रही थीं। अब उनके चर्चा में आने की वजह है कि वह टीवी शो 'सहर होने को है' को बहुत जल्द छोड़ सकती हैं। इस बीच यह भी कहा जा रहा है कि वह एक नए रियलिटी शो में हिस्सा ले सकती हैं, जो बहुत जल्द ऑन एयर होने वाला है। माही का नाम इस शो से तब से जुड़ रहा है, जब से वह एंडेमोल के ऑफिस पर स्पॉट हुई हैं। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपनी इस विजिट और नए शो में जाने की अटकलों पर चुप्पी साधी हुई है। वहीं, इस नए रियलिटी शो के मेकर्स और चैनल की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। चलिए जानते हैं किस नए शो में माही विज एंट्री लेने जा रही है।



# 'हैप्पी पटेल' पड़ी 'राहु केतु' पर भारी बॉक्स ऑफिस पर वीर दास ने मारी बाजी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर जब 2 कॉमेडी फिल्में आपस में टकराती हैं तो मुकाबला हमेशा दिलचस्प होता है। इस शुक्रवार आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी वीर दास अभिनीत 'हैप्पी पटेल' और वरुण शर्मा-पुलकित सम्राट की जोड़ी वाली 'राहु केतु' के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, वीर दास की अतरंगी कॉमेडी के आगे 'फुकरे' वाले वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट की फिल्म 'राहु केतु' बेअसर साबित हुई है।*

## 'राहु केतु' को पीछे छोड़ आगे निकली 'हैप्पी पटेल'

रिपोर्ट के मुताबिक, इस टक्कर में पहले दिन टिकट खिड़की पर 'हैप्पी पटेल' ने हल्की बढ़त बना ली है। इसने देशभर में करीब 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरी ओर 'राहु केतु' भी कमाई के मामले में पीछे नहीं रही और फिल्म ने पहले दिन लगभग 1 करोड़ रुपये जुटाए। हालांकि, दोनों फिल्मों की कमाई में ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला और रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।



## क्या है 'हैप्पी पटेल' की कहानी?

आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी 'हैप्पी पटेल' अपनी अतरंगी कहानी और वीर दास की जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग की वजह से चर्चा में है। ये एक स्पाय-कॉमेडी फिल्म है। ये ऐसे शख्स की कहानी दिखाती है, जो गलती से जासूसी की दुनिया में फंस जाता है। इस फिल्म में शारिब हाशमी, मोना सिंह, मिलिथा पालकर और इमरान खान भी हैं, वहीं आमिर ने कैमियो किया है। खास बात है कि फिल्म का निर्देशन भी वीर दास ने ही किया है।

# 'मर्दानी 3' सेंसर बोर्ड से पास, शिवानी का अब तक का सबसे लंबा मिशन...

**मुंबई।** रानी मुखर्जी एक बार फिर 'शिवानी शिवाजी रॉय' के कड़क अंदाज में बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मर्दानी 3' ने सेंसर बोर्ड की बाधा पार कर ली है और इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी मिल गई है। दिलचस्प बात है कि ये फिल्म न केवल अपने एक्शन और विषय के कारण चर्चा में है, बल्कि ये इस पूरी फ्रेंचाइजी की सबसे लंबी फिल्म भी बन गई है।

***बच्चे अकेले नहीं देख पाएंगे फिल्म*** : सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने 'मर्दानी 3' को देखने के बाद इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे इस फिल्म को अकेले नहीं देख पाएंगे। अगर वो ये फिल्म देखना चाहते हैं तो उन्हें माता-पिता या किसी बड़े के साथ ही सिनेमाघर जाना होगा। फिल्म में दिखाए जाने वाले डार्क विषय और गंभीर एक्शन को देखते हुए यह रेटिंग दी गई है।



## इतनी लंबी होगी 'मर्दानी 3'

'मर्दानी' सीरीज अपनी तेज रफ्तार और सटीक कहानी के लिए जानी जाती है, लेकिन इस बार दर्शकों को शिवानी शिवाजी रॉय को पहले से कहीं ज्यादा समय तक बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। 'मर्दानी 3' का कुल रनटाइम 2 घंटे, 10 मिनट और 36 सेकंड है, जिससे यह फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे लंबी फिल्म बन गई है। 'मर्दानी' का रनटाइम 1 घंटा 53 मिनट था, जबकि 'मर्दानी 2' की अवधि सिर्फ 1 घंटा 45 मिनट रही।

## सबसे बड़ा रनटाइम और सबसे पेचीदा मिशन

'मर्दानी 3' पहली फिल्म से लगभग 17 मिनट और दूसरी फिल्म से करीब 25 मिनट ज्यादा लंबी है। फिल्म का इतना लंबा रनटाइम ये संकेत देता है कि इस बार कहानी का दायरा बड़ा है और शिवानी शिवाजी रॉय का सामना जिस दुश्मन से है, वो काफी पेचीदा और खतरनाक होने वाला है। ये शिवानी शिवाजी रॉय का अब तक का सबसे लंबा मिशन होगा।

## इस साल इन फिल्मों का दर्शकों को है बेसब्री से इंतजार

# 'किंग' का राज और 'जन नायकन' की दहाड़

*मुंबई। तैयार हो जाइए, क्योंकि भारतीय सिनेमा में बड़ा धमाका होने वाला है। 2026 की शुरुआत के साथ ही आईएमडीबी यानी इंटरनेट मूवी डाटोबेस ने इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची जारी की है। एक तरफ शाहरुख खान का 'किंग' अवतार सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार है तो दूसरी तरफ थलापति विजय की आखिरी फिल्म की 'दहाड़' से पूरा बॉक्स ऑफिस थर्राने वाला है। आइए जानें इस साल दर्शकों को बॉलीवुड और साउथ की किन फिल्मों का इंतजार है।*



**'किंग'**: आईएमडीबी की बहुप्रतिक्षित फिल्मों की सूची में 'किंग' पहले स्थान पर विराजमान है, जिससे ये साफ है कि शाहरुख का जादू आज भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद प्रशंसकों को उनके एक और खतरनाक एक्शन अवतार का इंतजार है, जो इस फिल्म के साथ खत्म होने वाला है। फिल्म में शाहरुख एक गैंगस्टर के रोल में नजर आएंगे। इसके जरिए वो पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते दिखेंगे।

**'रामायण'**: 'किंग' के बाद जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा हलचल मचाई है, वो है नितेश तिवारी की महागाथा 'रामायण पार्ट 1'। आईएमडीबी की सूची में इसे दूसरा स्थान मिलना यह दर्शाता है कि दर्शक भारतीय संस्कृति और आधुनिक सिनेमा के इस मिलन को देखने के लिए कितने उत्साहित हैं। रणबीर कपूर की 'रामायण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मानी जा रहा है। साई पल्लवी इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रख रही हैं।



**'जन नायकन और 'स्पिरिट'**: सूची में तीसरे नंबर पर काबिज है थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन', जो उनकी आखिरी फिल्म है। इसके बाद विजय पूरी तरह राजनीति में कदम रखेंगे, जिसके कारण उनके लाखों फैंस इस फिल्म को ऐतिहासिक बनाने के लिए बेताब हैं। उधर चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की है प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' ने। फिल्म में प्रभास पुलिस अफसर के किरदार में दिखेंगे। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' वाले संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।




**'टॉक्सिक' और 'बैटल ऑफ गलवान'**: 'केजीएफ 2' के बाद दर्शक जिस चेहरे को देखने के लिए तरस रहे थे, वो अब 'टॉक्सिक' के साथ लौट रहा है। आईएमडीबी की सूची में यश की इस फिल्म ने पांचवें पायदान पर कब्जा किया है। फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी हैं। छठे स्थान पर सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' है, जिसमें वो एक जांबाज आर्मी ऑफिसर के किरदार में देश के हीरो की कहानी पर्दे पर उतारेंगे।



***ये फिल्में भी हैं सूची में शामिल*** : सूची में 7वें स्थान पर आलिया भट्ट की अल्फा और 8वें नंबर पर रणवीर सिंह की सबसे बड़ी फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल 'धुरंधर 2' है। 9वें स्थान पर सनी देओल की 'बॉर्डर 2' है तो 10 नंबर पर तमिल फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' है।

## खबर संक्षेप

### दुकानदारों को हटाना अन्यायपूर्ण- गुलाब



**मनेन्द्रगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाहर जीवनदीप समिति द्वारा निर्मित दुकानों को जिला प्रशासन द्वारा खाली कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर दुकानदारों ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो के समक्ष अपनी पीड़ा रखी। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, पार्षद अजय जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाफिज मेमन, विकास श्रीवास्तव सहित अन्य कांग्रेसजन दुकानदारों से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। पूर्व विधायक श्री कमरो ने स्पष्ट कहा कि वर्षों से दुकानदार इन दुकानों के माध्यम से ईमानदारी से अपना रोजगार कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं, इन्हें हटाना अन्यायपूर्ण है।

### प्रदेश महामंत्री ने भाजपा कार्यालय का किया निरीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बैकुंठपुर के निमार्णाधीन भाजपा कार्यालय का निरीक्षण प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थिति मे किया गया। भाजपा जिला कार्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ निर्माण हो रहा है, जिसका उद्देश्य संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्योतिनंद दुबे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, भवरलाल कुर्रे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कल से



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र बनने जा रहा है। यहां 20 से 26 जनवरी तक भव्य श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो निरंतर एक सप्ताह तक चलेगा। कथा के समापन अवसर पर 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन का शुभारंभ 20 जनवरी मंगलवार को प्रातः 9 बजे सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल से निकलने वाली भव्य कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए छठ घाट पहुंचेगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से कलश पूजन संपन्न होगा। पूजन पश्चात यात्रा जगन्नाथ मंदिर, बीटीसी शिव मंदिर, हनुमान मंदिर होते हुए पुनः दुर्गा पूजा पंडाल एवं शिव मंदिर पहुंचेगी, जहां प्रभात फेरी के उपरांत कलश का विधिवत आस्थापन किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर प्रख्यात कथा वाचिका सुश्री साध्वी सरस्वती जी अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगी। अपनी प्रभावशाली शैली, भावपूर्ण वाणी एवं प्रेरणादायी उपदेशों के कारण वे देशभर में विख्यात हैं। क्षेत्रवासी उन्हें स्नेहपूर्वक भारत की शेरनी के नाम से जानते हैं।

### वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का भव्य समापन

# उत्कृष्ट सुरक्षा कार्यों के लिए अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी







खान सुरक्षा निदेशालय रायपुर, जबलपुर, बिलासपुर 1 एवं बिलासपुर 2 क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) एवं अन्य कोयला संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 18 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे से भव्य रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्रमवीर स्टेडियम चरचा कॉलरी में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद उज्जवलता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल बिलासपुर हरीश दुहन ने की।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामावतार मीना, उप महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय पश्चिमी अंचल, नीरज कुमार उप महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तरी अंचल की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ी कर्मा नृत्य के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात परेड की सलामी दी गई तथा सुरक्षा ध्वजारोहण, मशाल प्रज्ज्वलन, बैलून व कबूतर उड़ाकर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही अतिथियों ने विभिन्न सुरक्षा स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर छग के कुल 13 कोयला क्षेत्रों द्वारा सुरक्षा स्टॉल लगाए गए। इनमें बैकुंठपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, भटगवां क्षेत्र, सोहागपुर क्षेत्र, विश्रामपुर क्षेत्र, जमुना-कोतमा क्षेत्र, चिरमिरी क्षेत्र, गेवरा, दीपिका, हसदेव, कोरबा, कुसमुंडा, रायगढ़ क्षेत्र शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत का गायन किया गया तथा खान दुर्घटनाओं में दिवंगत श्रमिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में एसईसीएल व खान सुरक्षा निदेशालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से एन. फ्रेंकलिन जयकुमार निदेशक तकनीकी/संचालन, बिरंची दास निदेशक मानव संसाधन, दरला सुनील कुमार निदेशक वित्त, हिमांशु जैन मुख्य सतर्कता अधिकारी, आरसी महापात्र निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना सहित खान सुरक्षा निदेशालय के अधिकारी विपुल तिवारी खान सुरक्षा निदेशक रायपुर, एमसी जायसवाल खान सुरक्षा निदेशक जबलपुर, मुकेश कुमार मिश्रा खान सुरक्षा निदेशक, बिलासपुर 1,राजेश कुमार सिंह खान सुरक्षा निदेशक, बिलासपुर 2 एवं बीएन झा क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सहित 12 एरिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक उपस्थित रहे। समापन समारोह के दौरान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विभिन्न खदानों, इकाइयों एवं विभागों द्वारा किए गए उत्कृष्ट सुरक्षा कार्यों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं टीमों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गईं, साथ ही डीएबी पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक, छत्तीसगढ़ी कर्मा नित्य, पंजाबी सांग, बंगाली नृत्य कर अतिथियों का मन मोहा। अधिकारियों ने बताया कि कोयला खनन के दौरान अपनाई जा रही नवीन सुरक्षा तकनीक, जोखिम प्रबंधन, आपदा बचाव उपाय एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। सुरक्षा स्टॉलों क माध्यम से आधुनिक उपकरणों एवं सुरक्षित कार्य प्रणालियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षा स्टॉल का अंतिम निरीक्षण एवं सुरक्षा ध्वज का हस्तांतरण किया गया, जिससे आगामी वर्ष में भी सुरक्षा के प्रति सतत जागरूकता बनाए रखने का संकल्प दोहराया गया।

आयोजन को लेकर एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र एवं चरचा कॉलरी में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, श्रमिक संगठन प्रतिनिधि एवं आम नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का यह आयोजन सुरक्षित कार्य संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। मुख्य अतिथि महानिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद उज्जवलता ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोयला खनन देश की ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ है, लेकिन इससे जुड़ा प्रत्येक कार्य तभी सार्थक है जब हर श्रमिक सुरक्षित अपने घर लौटे। सुरक्षा कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक, सतत प्रशिक्षण और अनुशासित कार्य प्रणाली का पालन अत्यंत आवश्यक है। आज के समय में जोखिम प्रबंधन, डिजिटल मॉनिटरिंग, रियल टाइम सेफ्टी सिस्टम और व्यवहार आधारित सुरक्षा को अपनाकर ही खनन कार्य को अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है। खान सुरक्षा महानिदेशालय का लक्ष्य केवल नियम बनाना नहीं, बल्कि शून्य दुर्घटना की दिशा में सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना है, इसके लिए प्रबंधन, पर्यवेक्षक और श्रमिक तीनों की सामूहिक जिम्मेदारी तय होती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा पखवाड़ा जैसे आयोजनों का उद्देश्य केवल पुरस्कार देना नहीं, बल्कि हर कर्मचारी के मन में सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है, ताकि कार्यस्थल पर लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे। यदि हम आज सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे, तो आने वाला कल निश्चित रूप से अधिक सुरक्षित, सशक्त और उज्जवल होगा। उन्होंने सभी कोयला क्षेत्रों से अपील की है कि सुरक्षा पहले, उत्पादन बाद में के मूलमंत्र को अपनाकर ही देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति को सुरक्षित रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है।

## कंवर समाज विकास समिति का वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा।

जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में कंवर समाज विकास समिति के दो दिवसीय वार्षिक सम्मलेन का 17 जनवरी को शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिवस समाज के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया। शासन के विभिन्न शासकीय विभागों की विभागीय योजनाओं से युवाओं को अवगत कराया गया और यह वह योजनाएं थीं जो स्वरोजगार के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। समाज के युवाओं ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया और इस दौरान कंवर समाज से विभिन्न शासकीय विभागों के जानकार लोगों ने युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। कंवर समाज विकास समिति का यह दूसरा वार्षिक उत्सव है और यह आने वाले समय में भी आयोजित होता रहेगा यह समाज के लोगों के द्वारा संकल्प लिया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की विशेष रूप से उपस्थिति रही। उन्होंने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि शासकीय सेवाओं में जाने की मंशा के साथ ही स्वरोजगार के लिए भी समाज के युवाओं को तैयार रहना है और कंवर समाज जो प्रगतिशील समाज है उसे प्रगतिशील बनाए रखना है, जिसकी जिम्मेदारी समाज के युवाओं के कंधे पर ही है। उन्होंने कहा कि कंवर समाज अपने पुरोधाओं के प्रयासों से आज एक अलग पहचान के साथ प्रगतिपथ पर बढ़ता हुआ समाज है और यह प्रगति आगे हमारी और अन्य युवाओं की जिम्मेदारी है, युवाओं को यह ध्यान रखना है कि रोजगार के अवसरों में शासकीय सेवा क्षेत्र में जिस तरह प्रतिस्पर्धा बढ़ी और जिस तरह अवसरों में जनसंख्या अनुपात में कमी आई है। अब आवश्यक है कि युवा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने कहा कि समाज के युवाओं को नशे से भी दूर रहने की आवश्यकता है,हमारा समाज एक बेहतर उदाहरण इस दिशा में पेश करता आया है और यह जारी रहने वाली परंपरा बनी रहनी चाहिए,जो समाज को अग्रणी बनाए रखने में भी कारगर साबित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिला अध्यक्ष मनियार सिंह ने की। उन्होंने युवाओं को प्रगतिपथ पर बढ़ने की शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में जिला कृषि विभाग के टीआर परस्ते ने युवाओं को कृषि क्षेत्र में शासकीय योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं और उन्नत कृषि से किस तरह आय में वृद्धि की जा सकती है। इस विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पशुधन विकास विभाग से जितेन्द्र कुमार, श्रम विभाग से अनिल पैकरा साथ ही कौशल विकास विभाग से संदीप साहू ने युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में अशोक पैकरा, रविन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, चंद्रिका प्रसाद, कृष्णा पैकरा, सुशील पैकरा, बलराज सिंह सहित सामाजिक सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## केल्हारी हाट बाजार में कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिले के ग्राम केल्हारी हाट बाजार में आमसभा का आयोजन किया गया। इस आमसभा में पूर्व विधायक गुलाब कमरो, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथियों के साथ शामिल हो कर आम सभा को संबोधित किए। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री कमरो ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर एवं खत्म करने की भाजपा की साजिश को उजागर किया और हाट बाजार में मौजूद ग्रामीणजन को उनके काम के अधिकार एवं मनरेगा की अहमियत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर हाल में गरीब, मजदूर और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। आमसभा में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस शहरी श्रीमती रूमा चटर्जी, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस ग्रामीण श्रीमती निर्मला चतुर्वेदी, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोती सिंह, महिला ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण श्रीमती नीलिमा शामल, रामा यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ.विनय शंकर सिंह, पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन, पूर्व जनपद सदस्य मकसूद आलम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विष्णु दास, सांसद प्रतिनिधि, आनंद राय, सुनील राय, राजाराम कोल, राजा पांडे, मजहर अली, विमल हितकर, संतलाल, वीरभान सिंह, राजकुमार पूरी, इमरान रानू, शोभन सिंह, हीरा सिंह, गुनीलाल, इमामुद्दीन, जितेन्द्र मिश्रा, मो. शमीम अहमद, शुभकरण सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरौंधा में चलित के जरिए ग्रामीणों को दी गई जानकारी



**खड़गवां।** जिले के थाना खड़गवां के आश्रित ग्राम जरौंधा स्थित ग्राम पंचायत भवन में चलित थाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम थाना प्रभारी खड़गवां एवं पुलिस स्टॉफ द्वारा संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

साथ ही थाना प्रभारी खड़गवां सुनील तिवारी, ग्राम पंचायत जरौंधा के सरपंच प्रदीप सिंह, ग्राम पंचायत सचिव रामाधार साहू, वार्ड पंच, हाईस्कूल जरौंधा के प्राचार्य श्री जाटवार, विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा ग्राम के महिला -पुरूष एवं ग्रामीणजन काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य चलित थाना कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को पुलिस से सीधे जोड़ना एवं जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह द्वारा साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन ठगी के तरीकों व उससे सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, कानूनी अधिकार व सुरक्षा उपाय के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि, साइबर ठगी अथवा अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## गांधी चौक स्थित जयस्तंभ क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



नगर के गांधी चौक में शहीदों की स्मृति में स्थापित जयस्तंभ को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। यह घटना 16 जनवरी की दरमियानी रात की बताई जा रही है। इसमें जयस्तंभ की बाउंड्री को नुकसान पहुंचा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्ड क्रमांक 10 निवासी पत्रकार विनीत जायसवाल ने सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ के थाना प्रभारी को पत्र लिखकर अविलंब जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि जयस्तंभ नगर की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सार्वजनिक धरोहर है जिसकी सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। पत्र के अनुसार बाउंड्री क्षतिग्रस्त होने से ना केवल जयस्तंभ की सुरक्षा प्रभावित हुई है बल्कि टूटे हुए हिस्से के कारण आम नागरिकों और राहगीरों के लिए दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। विशेष रूप से गांधी चौक जैसे व्यस्त क्षेत्र में यह स्थिति किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। श्री जायसवाल ने अपने आवेदन में अज्ञात वाहन के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच और संबंधित विभाग को सूचना देकर क्षतिग्रस्त बाउंड्री की शीघ्र मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई किए जाने से किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि जयस्तंभ जैसी स्मारकों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

## मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम मनेन्द्रगढ़ में मकर संक्रांति उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं चंपादेवी पावले की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बना दिया। मंच पर उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया, जिसके बाद पूरे परिसर में उत्सव का माहौल छा गया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मकर संक्रांति केवल तिथि या पर्व भर नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोक संस्कृति, ऋतु परिवर्तन और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा इस प्रकार के आयोजन हमारी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सेवा, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। जब परंपरा के साथ सेवा जुड़ती है, तब समाज स्वतः सशक्त बनता है। वनवासी कल्याण आश्रम का यह प्रयास सराहनीय है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज रफ्तार वाहनों...

कट लगाते हुए जैसे ही बाइक चालक द्वारा आगे बढ़ने की कोशिश की, इसी दौरान सड़क के किनारे हिस्से में दौड़ रही स्कूटी से जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक एवं स्कूटी चालक सड़क किनारे गिर गए और लोगों की भीड़ जुट गई। इस घटना में स्कूटी का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौता को लेकर बातचीत होने लगी।

नकेल कसने कार्रवाई की जरूरत- सड़क पर अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वालों के कारण जो नियम से एवं नियंत्रित गति से वाहन सड़कों पर चलाते हैं, उन्हें भी दुर्घटना का शिकार होने का खतरा मंडराते रहता है। वहीं कई नाबालिक भी सड़कों पर बिना रोक टोक के वाहन चलाते रहते हैं। ऐसे लोगों पर नकेल करने की जरूरत हैं। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में सड़क सुरक्षा माह चल रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात का पाठ तो पढ़ाया जा रहा है, लेकिन सड़कों पर अनियंत्रित रफ्तार एवं नाबालिकों के हाथों स्टेरिंग पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### बैकुंठपुर साप्ताहिक बाजार...

करने की दिशा में चार बड़े बदलाव कर रही है। काम के अधिकार को समाप्त कर इसे सरकार की इच्छा पर निर्भर योजना बनाया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी और सालभर काम की गारंटी खत्म की जा रही है, जबकि फसल और बरसात के मौसम में काम रोकने की व्यवस्था की जा रही है, इसके साथ ही ग्राम पंचायतों से विकास कार्यों की शक्तियां छीनकर ठेकेदारों को सौंपे जाने और राज्यों पर मजदूरी का 40 प्रतिशत आर्थिक बोझ डालने की बात भी सामने आई, इससे गरीब राज्यों में मनरेगा कार्य ठप होने की आशंका जताई गई।

## संगीतमय श्रीमदभागवत महापुराण के लिए निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



शहर में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कथा व्यास श्री वृज नंदन जी महाराज के सान्निध्य में निकली। इस शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, वहीं ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष से वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा श्रीराम मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः आयोजन स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा में राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां, सुसज्जित रथ, ध्वज-पताकाएं और पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु आकर्षण का केन्द्र रहे। महिलाएं मंगल कलश लेकर आगे-आगे चलती रहीं, जबकि युवा वर्ग भजनों पर झूमता नजर आया। बच्चों में भी उत्साह देखते ही बन रहा था। कथा व्यास श्री वृज नंदन जी महाराज ने शोभायात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मनुष्य को अहंकार त्यागकर सेवा और समर्पण का भाव सिखाती हैं। उल्लेखनीय है कि यह श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा 23 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। कथा प्रतिदिन श्रद्धालुओं को ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का अमृत प्रदान करेगी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411